कवि सम्मेलन 26 को

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर युवक संघ के पूर्व संस्थापक स्व. रायचंद कुंडलिया की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में कवि सम्मेलन उनके सुपुत्र युवक संघ के अध्यक्ष प्रदीप कुंडलिया के द्वारा होगा।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से बीकानेर मण्डल पर लीजिंग, एटीएम, Advertisement-out of Home, Advertisement on station premise Non-Digital and Digital, पे एण्ड यूज टॉयलेट, पार्किंग ठेको के लिए ई-ऑक्शन प्रारम्भ किये गये है जिनका विवरण निम्न प्रकार है:- **केटलॉग संख्या:** EA Leasing 15, **कार्य का नाम व स्थान:** 22473-SLR-F1-BKN-BDTS-25-1 (Parcel-SLR), 22916-SLR-F1-HSR-BDTS-25-1 (Parcel-SLR), 12372-SLR-F1-BKN-HWH-25-7 (Parcel-SLR), 07054-SLR-F1-BKN-KCG-25-1 (Parcel-SLR), 20846-SLR-F1-BKN-BSP-25-4 (Parcel-SLR), **ई-आक्शन की दिनांक व समय:** दिनांक 26.12.2025 समय 10:00 बजे, **केटलॉग संख्या:** EA ADVT 15 , **कार्य का नाम व स्थान:** Advertisement-out of Home at:- श्रीगंगानगर , **ई-आक्शन की दिनांक व समय:** दिनांक 26.12.2025 समय 10:00 बजे, **केटलॉग संख्या:** EA ATM 03 , **कार्य का नाम व स्थान:** सिरसा, लालगढ़ रेलवे स्टेशनो पर परिसर में एटीएम लगाने हेतु , **ई-आक्शन की दिनांक व समय:** दिनांक 26.12.2025 समय 11:00 बजे, **केटलॉग संख्या:** EA PNU 12 , **कार्य का नाम व स्थान:** सिरसा, चरखीदादरी, मण्डीडववाली, रतनगढ़, कोसली रेलवे स्टेशनो पर पे एण्ड यूज टॉयलेट की साफ-सफाई हेतु , **ई-आक्शन की दिनांक व समय:** दिनांक 26.12.2025 समय 12:00 बजे, **केटलॉग संख्या:** EA PARKING 12, **कार्य का नाम व स्थान:** कोसली, श्रीकरणपुर, चूरू, लालगढ़ रेलवे स्टेशनों पर साईकल, स्कूटर, मोटर साईकल, कार पार्किंग स्टैंड, **ई-आक्शन की दिनांक व समय:** दिनांक 26.12.2025 समय 14:00 बजे, **केटलॉग संख्या:** EA ADVT 16 , **कार्य का नाम व स्थान:** Advertisement - out of Home at: नोहर, सूरतगढ़, हनुमानगढ़, सादुलपुर, भवानी खेड़ा, चूरू, गोगामेड़ी, रायसिंहनगर, वडागुडा। Advertisement on station premise Digital at:- मण्डीडववाली। Advertisement on station premise Non-Digital at:-हनुमानगढ़, सिरसा व सूरतगढ़ ।, **ई-आक्शन की दिनांक व समय:** दिनांक 31.12.2025 समय 11:00 बजे, **केटलॉग संख्या:** EA PNU 13 , **कार्य का नाम व स्थान:** गोगामेड़ी रेलवे स्टेशनो पर पे एण्ड यूज टॉयलेट की साफ-सफाई हेतु, **ई-आक्शन की दिनांक व समय:** दिनांक 31.12.2025 समय 13:00 बजे, **केटलॉग संख्या:** EA PARKING 13 , **कार्य का नाम व स्थान:** गोगामेड़ी रेलवे स्टेशनों पर साईकल, स्कूटर, मोटर साईकल, कार पार्किंग स्टेण्ड, **ई-आक्शन की दिनांक व समय:** दिनांक 31.12.2025 समय 15:00 बजे, **केटलॉग संख्या:** EA ADVT-EWB-2, **कार्य का नाम व स्थान:** Advertisement on Train:- 04703-04(HMH-SGNR), 12485-86 (SGNR-NED), 54701-02(LGH-ABS), 14727-28(SGNR-TKJ), 04777-78(HMH-SDLP), 12489-90 (SGNR-DDR), 14707-08 (HMH-DDR), 14701-02 (SGNR-BDTS), 22497-98 (SGNR-TPJ), 22475-76(HSR-CBE) & 22471(LGH-DEE), **ई-आक्शन की दिनांक व समय:** दिनांक 31.12.2025 समय 11:00 बजे । अन्य सूचना एवं नियम व शर्तों के लिये IREPS की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर लॉगिन करे।

1661-PS/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उप जिला अस्पताल के नए भवन का शिलान्यास

- करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण

तारानगर (निसं)। राजस्थान सरकार के जल स्वास्थ्य एवं भू-जल मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, राज्यसभा सासंद व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्रसिंह राठौड़, चूरू विधायक हरलाल सहारण ने तारानगर में लगभग 40 करोड़ से अधिक रुपये की लागत से बनने जा रहे उप जिला अस्पताल के नए भवन का शिलान्यास किया एवं 2 साल में करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं भाजपा नेता राकेश जांगिड़ व शहर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल के नेतृत्व में उक्त दिग्गज नेताओं का साफा, शॉल, माला से भव्य स्वागत किया गया तो वहीं क्षेत्रवासियों ने जेसीबी से पुष्प वर्षा कर नेताओं का जोशीला स्वागत किया। विधानसभा क्षेत्र में नयी पंचायत बनाने पर ग्रामीण लोगों ने उक्त नेताओं का 21 किलो की पुष्प माला से सामूहिक अभिनंदन किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राठौड़ ने कहा हमारी सरकार की दो साल बेमिसाल रही है। दो साल में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में हमारी पार्टी अनेकों विकास कार्य करवाएं है एवं भ्रष्टाचार रोकने में कामयाबी हासिल की है।

सादुलपुर एएसपी रिछपालसिंह चारण, डीएसपी रोहित सांखला एवं सीआई सतपाल बिश्नोई के नेतृत्व में पुलिस जाप्ता तैनात रहा।

इस मौके पर जिला महामंत्री चंद्राराम गुरी, युवा नेता पराक्रम राठौड़, जिला प्रमुख वंदना आर्य, बसंत शर्मा, दलीप पूनियाँ, वासुदेव चावला, महावीर पूनियाँ, सीएमएचओ मनोज शर्मा, बीसीएमओ डॉ.महेन्द्र नायक, जलदाय विभाग अधिशाषी अभियंता राजेश जांगिड, पीएमओ डॉ. देवीलाल जोशी, जमरदीन तेली, मोहम्मद तैयब, अजीत सिँह राठौड, लीलाधर बागोरिया, चिंरजीलाल भारद्वाज, सीताराम लुगरिया, अमर सिंह चारण, संदीप सिँह राठौड, राकेश शर्मा, त्रिलोक रेगर सहित भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता एवं हजारों ग्रामीण मौजूद रहे। राजेंद्र जोइया ने व वीरबहादुर सिंह राठौड ने कार्यक्रम का संचालन किया।

डाइट में दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

चूरू (निसं)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) में मंगलवार को दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य ओमप्रकाश प्रजापत ने की। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप निदेशक डॉ. गोविन्द सिंह राठौड थे।

विशिष्ट अतिथि प्रभागाध्यक्ष कुसुम शेखावत थी। दक्ष प्रशिक्षक सचिन ढांडा ने सहभागियों का मार्गदर्शन किया। इस प्रशिक्षण में जिले के सभी 7 ब्लॉकों के 14 संभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु संदर्भ व्यक्तियों की क्षमता संवर्धन करना है। प्राचार्य ओमप्रकाश प्रजापत ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिक्षकों को नई शैक्षिणक अवधारणाओं से जोडते हैं और विद्यालय स्तर पर गुणवत्ता सुधार में सहायक होते हैं। मुख्य अतिथि उप निदेशक डॉ. राठौड़ ने कहा कि होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है और इसके सफल क्रियान्वयन में प्रशिक्षित शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्रभागाध्यक्ष कुसुम शेखावत ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त ज्ञान को व्यवहार में लाकर ही कार्यक्रम को सार्थक बनायेगी। कार्यक्रम में भंवर गुर्जर, दिनेश कुल्हरी व ओमप्रकाश बारूपाल ने भी अपने विचार साझा किए। तारानगर एसीबीईओ संजय शर्मा ने प्रशिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए इसे शिक्षकों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। संभागी हरिराम सारण, राकेश सांकृत्य, निलेश इंदौरिया, जगवीर पूनिया, धर्मवीर बिस्ल, बलदेव ढ्राका, विष्णु, धनराज बुंदेला, सुरेश डूडी, गोपीचंद जांगिड, विकास सैनी, विजेंद्र सिंह, कमलेश योगी आदि उपस्थित थे।

सार-समाचार

बार संघ का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

तारानगर (निसं)। तारानगर के न्यायालय परिसर में अपर जिला न्यायधीश संतोष कुमार मीणा के मुख्यतिथ्य व वरिष्ठ अधिवक्ता लक्ष्मीनारायण सहारण की अध्यक्षता में बार एसोशिएन पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। सिविल न्यायधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट अजयदीप सिँह कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे। एडवोकेट लक्ष्मीनारायण सहारण ने बताया कि तारानगर बार संघ इतिहास में पहली बार चुनाव से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव व कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं आज से पहले निर्विरोध कार्यकारीणी का ही गठन हुआ है मुख्य अतिथि मीणा ने अध्यक्ष प्रभुदयाल सहारण गाजुवास, उपाध्यक्ष अनिल शर्मा, महासचिव अंशुल शर्मा व कोषाध्यक्ष बिलाल अहमद, संगठन सचिव विकास सैनी, संयुक्त सचिव दीपक शर्मा, सहकोषाध्यक्ष सुमित जांगिड, पुस्तकालय अध्यक्ष धर्मेन्द्र रोयल, मीडिया प्रभारी नरेन्द्र प्रजापत को बार संघ संविधान के मुताबिक पदों की शपथ दिलाई। ज्ञात रहे कि बार संघ चुनाव में प्रभुदयाल सहारण समर्थित पैनल के चारों पदाधिकारी ही विजयी हुए थे तथाबार संघ अध्यक्ष एडवोकेट प्रभुदयाल सहारण ने संयुक्त सचिव, संगठन सचिव, पुस्तकालय अध्यक्ष, सहकोषाध्यक्ष, मीडिया प्रभारी को मनोनित कर कार्यकारीणी का विस्तार किया, मंगलवार को न्यायालय परिसर अधिवक्ताओं ने मनोनित व निर्वाचित पदाधिकारियों तथा मंचस्थ अतिथियों का तिलक लगाकर, माला पहनाकर व साफा पहनाकर स्वागत किया।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत किया

सीकर, (निसं)। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ जिला भाजपा कार्यालय में मंगलवार को आए। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा व जिलाध्यक्ष मनोज बाटड के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष राठौड का पार्टी का दुपट्टा पहनाकर व पुष्प भेंट कर भावभीना स्वागत किया। प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने इस दौरान पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण की जयंति पर उनके चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने स्वागत कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि सीकर संगठनात्मक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण जिला है। यहां के कार्यकर्ता राज्य में अलग ही पहचान रखते हैं। कहा कि वे भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जनता तक पहुंचाकर उनको लाभांवित करने का हरसंभव प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि वे 25 दिसंबर को आयोजित सांसद खेल प्रतियोगिता में सीकर आएंगे। कहा कि खेल प्रतियोगिता में प्रत्येक पंचायत की खेल टीमें पहुंचे इसके प्रयास करने हैं।

चौधरी चरण सिंह ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था के जनक थे : सैनी

चूरू (निसं)। राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर मंगलवार को सर्व समाज द्वारा आदर्श छात्रावास रतनगढ रोड पर चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता आसाराम सैनी ने बताया कि चौधरी चरण सिंह जाति व्यवस्था के खिलाफ थे व ग्रामीण अर्थव्यवस्था के जनक भी थे उनके द्वारा लिखित पुस्तक आज लंदन और अमेरिका की विश्वविद्यालय में पढ़ाई जाती है चौधरी चरण सिंह ने कृषि के क्षेत्र में अनेक कार्य करते हुए किसान कल्याण का मार्ग प्रस्तुत किया। किसानों की ऋण माफी करवाई तथा कृषि यंत्रों पर टैक्स हटवाया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्रधान अमीलाल कस्वां ने बताया कि चौधरी चरण सिंह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भारत के वित्त मंत्री गृहमंत्री और प्रधानमंत्री रहते हुए किसानों के हक में अनेक कानून और लोक कल्याणकारी कार्य किया। आदर्श छात्रावास समिति अध्यक्ष मोहनलाल आर्य ने बताया कि चौधरी चरण सिंह ने हमेशा किसान गरीब दलित पिछड़ों व मजदूरों के हक में अनेक कानून बनाकर उन्हें जीवन की मुख्य धारा में जोड़ने का काम किया। तथा उनको अपने अधिकारों के लिए लडना सिखाया।

भारतीय किसान यूनियन जिला अध्यक्ष रामरतन सिहाग ने बताया कि चौधरी चरण सिंह अर्थशास्त्री होने के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था के जनक थे उन्होंने कुटीर उद्योगों की स्थापना करवाई। नाबार्ड वित्तीय बैंक भूमि विकास बैंक की स्थापना की तथा कृषि यंत्रों पर टैक्स हटाकर किसानों को राहत प्रदान की किसानों के कर्ज माफी करने में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। चौधरी चरण सिंह ने अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक आयोग का गठन कर आरक्षण का मार्ग प्रशस्त किया उन्होंने यूपीएससी की परीक्षा हिंदी माध्यम से करवाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। विषिष्ट अतिथि चंद्रमोहन सैनी ने बताया की चौधरी चरण सिंह के सिद्धांतों व आदर्शों का जीवन में उतारना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

कार्यक्रम को पूर्व एमडी अमर सिंह दनेवा, गिरधारी लाल तंवर, किसान सभा अध्यक्ष इंद्राज सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य गिरधारी लाल सिहाग, डॉ जमिल चौहान, रामचंद्र राजोतिया, दीपाराम प्रजापत, रामरतन मेघवाल, शमशेर खान, मनीष कुमावत, गोविंद मेघवाल, विनोद नाई, श्रवण बसेर, नरपत रोलन व अनिल चौधरी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर च्यानणमल सैनी, मनफूल मेघवाल, सांवरमल मेघवाल, शेरखान, कुरडाराम भाकर, पूर्व सरपंच रामनिवास सहारण, पूर्व सरपंच श्ररीचंद कस्वां, पूर्व सरपंच पालराम मेघवाल, राजेंद्र कुमार मील, मदनलाल थाकण, सुभाष डीलर, कपिल संदीप मिडल सहित सैकडों लोग उपस्थित थे। संचालन भारतीय किसान यूनियन जिलाध्यक्ष रामरतन सिहाग ने किया।

शिविर में 168 मरीज लाभान्वित

झुंझुनूं, (निसं)। ढूकिया हॉस्पिटल द्वारा मंगलवार को मलसीसर में निशुल्क स्वास्थ्य एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 168 मरीजों की जांच की गई। जिसमें डॉ. नितिन चौधरी न्यूरो सर्जन, डॉ. विजय ओला यूरोलोजिस्ट, डॉ. रामनिवास स्वर्णकार हड्डी एवं जोड़ घुटना प्रत्यारोपण रोग विशेषज्ञ, डॉ. अमित चौधरी सर्जन, डॉ. इरफान नजीर फिजीशियन, डॉ. देवेंद्र मारवाल फिजियोथैरेपिस्ट, डॉ. अर्युव मान ने अपनी सेवाएं दी।

हॉस्पिटल निदेशक डॉ. मोनिका ढूकिया ने बताया कि इस तरह के आयोजनों-कैंपों से लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा सकते हैं। इसलिए ढूकिया हॉस्पिटल द्वारा इस तरह के निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाएंगे।

कार्यालय नगर पालिका मण्डल, राजगढ (चूरू)

E- Mail Address - eonp.sdlp@ yahoo.in Fax & Phone :- 01559 – 222039

क्रमांक :–न.पा.रा. / 2025–26 / 6713 दिनांक :– 19.12.2025

निविदा सूचना / 2025–26

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / प्लेसमेन्ट एजेन्सियों / कम्पनीयों / फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका राजगढ़ द्वारा वर्ष 2025–26 के लिए निविदा आमन्त्रण की जा रही हैं। निविदा दिनाकं 26.12.2025 को सांय 04:00 बजे तक विक्रय की जाकर दिनांक 26.12.2025 को सांय 05:00 बजे सक्षम अधिकारी की उपस्थिति में खोली जायेगी। जिसकी निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण व शर्ते वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in/ पर देखी जा सकती हैं।

NIB Code	UBN No.
DLB2526A9309	DLB2026WSOB27839

राज.संवाद / सी / 25 / 16292 अधिशाषी अधिकारी

तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। श्री स्थानीय भगवानदास तोदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार से तीन दिवसीय अंतर्सदन खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ।

प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. एन. एस. नाथावत, प्रशासक प्रमेंद्र सिंह शेखावत एवं सचिव आशकरण शर्मा द्वारा खेल -ध्वजारोहण व राष्ट्रगान के साथ किया गया।प्राचार्य डॉ. एन. एस. नाथावत ने स्वागत भाषण में खिलाड़ियो को अनुशासन के साथ साथ खेल को खेल भावना से खेलने और स्वस्थ शरीर एवं मानसिक विकास के लिए अपने जीवन में किसी एक खेल को शामिल करने हेतु प्रेरित किया। जबकि प्रशासक प्रमेंद्र सिंह शेखावत ने अपने खेल से संबंधित अनुभव साझा किए एवं खिलाड़ियों को निरंतर प्रयास करते रहने तथा उत्साहपूर्वक खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय सचिव आशकरण शर्मा ने भी जीवन में खेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

पंकज शर्मा द्वारा खिलाड़ियों को खेल की शपथ दिलाई, जिसके पश्चात विधिवत रूप से आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के दौरान प्रथम दिन छात्रा वर्ग में आयोजित खो -खो प्रतियोगिता में कल्पना चावला सदन की टीम विजेता तथा सरोजनी नायडू सदन की टीम उपविजेता रही। जबकि छात्र वर्ग में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में गांधी सदन विजेता तथा रमन सदन की टीम उपविजेता रही।

राजस्थान सरकार

कार्यालय नगरपरिषद सरदारशहर, चूरू (राज.)

क्रमांक :– न.प.स / स्टोर शाखा / 2025–26 / 3030–33 दिनांक :– 17.12.2025

निविदा / नीलामी सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण / इच्छुक फर्म / बोलीदाताओ / संवेदको को सूचित किया जाता है कि नगरपरिषद सरदारशहर द्वारा वर्ष 2025–26 में नगरपरिषद क्षेत्र में स्थित कृष्णा बस स्टेण्ड में प्रवेश / निकासी करने वाले वाहनों से प्रवेश / निकासी / पार्किंग शुल्क वसूली हेतु ठेका / निलामी दिनांक 24.12.2025 को समय दोपहर 12:00 बजे से सांय 4:00 बजे तक नगरपरिषद मिटिंग हॉल में की जावेगी। इच्छुक व्यक्ति / फर्म निर्धारित समय पर उपस्थित होकर बोली में भाग ले सकते है। बोली में भाग लेने से पूर्व निर्धारित अमानत / धरोहर राशि नगरपरिषद कार्यालय में जमा करवानी होगी। निलामी से संबंधित शर्ते निलामी से पूर्व किसी भी कार्यादिवस में नगरपरिषद सरदारशहर कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

क्र. स.	कार्य का नाम	धरोहर राशि	न्यूनतम बोली	अवधि
1.	नगरपरिषद क्षेत्र में स्थित कृष्णा बस स्टेण्ड में प्रवेश / निकासी करने वाले वाहनों से प्रवेश / निकासी / पार्किंग शुल्क वसूली हेतु ठेका	50,000	300000	03 वर्ष

नोट :– निलामी ठेका स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार नगरपरिषद के पास सुरक्षित रहेगा। निलामी की अन्य शर्ते कार्यालय समय में कार्यालय नगरपरिषद में देखी जा सकती है।

राज.संवाद / सी / 25 / 16254 सभापति आयुक्त

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

2 साल
बढ़ता राजस्थान - हमारा राजस्थान

सीकर एवं झुंझुनूं जिले में ₹539 करोड़ के

विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण

मुख्य अतिथि

श्री भजनलाल शर्मा

माननीय मुख्यमंत्री

श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

सीकर जिले में किए जाने वाले

शिलान्यास

- ₹60 करोड़ से भगेगा - नीमकाथाना स्टेशनों के मध्य आरओबी निर्माण
- ₹15 करोड़ से सड़क विकास के कार्य
- ₹7 करोड़ से सिरोही में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा बगड़ी में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र
- ₹4.50 करोड़ से कोछोर एवं पांचू करकड़ा में नवीन विद्यालय भवन निर्माण
- ₹4 करोड़ से पुलिस थाना, खाटूश्याम सदर का निर्माण
- ₹2 करोड़ से ग्राम पंचायत बेसवा में अटल प्रगति पथ निर्माण
- ₹98 लाख से किसान पथ बी.टी. सड़क निर्माण
- ₹31 लाख से कृषि उपज मण्डी सीकर पार्क का विकास

लोकार्पण

- ₹33 करोड़ से सड़क निर्माण / विकास के कार्य
- ₹7 करोड़ से पीएम कुसुम - सी के तहत जाजोद में 1.99 मेगावाट सोलर संयंत्र
- ₹5.36 करोड़ से बलारा में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण
- ₹4.50 करोड़ से फतेहपुर में राजकीय कन्या महाविद्यालय का निर्माण
- ₹4 करोड़ से खोरा में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भवन का निर्माण
- ₹2 करोड़ से लवकुश वाटिका, हर्ष पर्वत (धोद)
- ₹2 करोड़ से फुटबॉल एकेडमी, कोलिडा
- ₹1.50 करोड़ से खेल स्टेडियम, दांतारामगढ़
- ₹90 लाख से बठोठ, सांवलोदा लाडखानी तथा खूड़ी बड़ी में राजकीय आयुर्वेद औषधालय
- ₹45 लाख से श्रीमाधोपुर में राजकीय ब्लॉक आयुष चिकित्सालय
- ₹41 लाख से संस्कृत विद्यालय रामपुरा में विभिन्न कक्षों का निर्माण

झुंझुनूं जिले में किए जाने वाले

शिलान्यास

- ₹40 करोड़ से उप जिला चिकित्सालय, चिड़ावा का निर्माण
- ₹36 करोड़ से छावसरी में विद्युत विकास कार्य
- ₹33.41 करोड़ से नवलगढ़ में शहरी सौन्दर्यकरण कार्य
- ₹26.52 करोड़ से नगर पालिका बुहाना, मलसीसर तथा सुल्ताना में मल अपशिष्ट शोधन संयंत्र
- ₹6 करोड़ से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण
- ₹4.50 करोड़ से सूरजगढ़ में राजकीय महाविद्यालय
- ₹42 लाख से ग्राम मैदान संबंधी कार्य

लोकार्पण

- ₹192 करोड़ से आरडीएसएस योजना के विभिन्न कार्य
- ₹19 करोड़ से पीएम कुसुम - ए के तहत 3 सोलर संयंत्रों की स्थापना
- ₹9.54 करोड़ से भीमसर, चुड़ेला, सोनसर, डुमरा, वाहिदपुरा एवं सीथल में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण
- ₹8 करोड़ से सड़क विकास के कार्य
- ₹4 करोड़ से मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह निर्माण
- ₹2.46 करोड़ से राजकीय अल्पसंख्यक बालक छात्रावास निर्माण
- ₹2 करोड़ से 11 केवी जीएसएस की स्थापना

गुरुवार, 24 दिसम्बर, 2025 | दोपहर 1:00 बजे | शेखावाटी स्पोर्ट्स एकेडमी, रामगढ़ शेखावाटी, सीकर

सीकर जिले में विगत 2 वर्षों में अर्जित महत्वपूर्ण उपलब्धियां

- युवाओं को 3,606 सरकारी तथा 994 संविदा नियुक्तियां
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 1.18 लाख किसानों को ₹118.79 करोड़ का बीमा क्लेम
- 61,471 किसानों को ₹77.19 करोड़ का कृषि आदान - अनुदान
- 42,545 परिवारों को घरेलू विद्युत कनेक्शन जारी
- किसानों को बिजली बिलों में ₹135.70 करोड़ का अनुदान
- मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना में ₹42.36 करोड़ की सब्सिडी
- किसानों को ₹2,231 करोड़ का अल्पकालीन फसली ऋण
- मा योजना में 2.58 लाख लाभार्थियों को ₹238.50 करोड़ का कैशलेस इलाज
- 64,166 घरों में नल कनेक्शन
- मुख्यमंत्री संबल योजना में 33,238 लाभार्थियों को ₹922.60 करोड़ की राशि वितरित

झुंझुनूं जिले में विगत 2 वर्षों में अर्जित महत्वपूर्ण उपलब्धियां

- युवाओं को 3,595 सरकारी तथा 1,221 संविदा नियुक्तियां
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 96,899 किसानों को 143.89 करोड़ का बीमा क्लेम
- किसान सम्मान निधि योजना में 2.43 लाख किसानों के खातो में ₹68.78 करोड़ हस्तान्तरित
- 6,985 किसानों को ₹10.47 करोड़ का अल्पकालीन फसली ऋण
- 1.37 लाख किसानों को फसल बीज मिनिकिट का नि:शुल्क वितरण
- मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना में ₹33.56 करोड़ की सब्सिडी
- 22,939 परिवारों को घरेलू विद्युत कनेक्शन जारी
- 31,997 महिलाएं लखपति दीदी
- स्वयं सहायता समूहों को ₹154.45 करोड़ का ऋण
- 6,926 किसानों को कृषि कनेक्शन जारी
- 2,763 विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित
- विभिन्न पेंशन योजनाओं में ₹79 करोड़ का वितरण

राजस्थान संवाद

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान